दिनांक : 04.12.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन आज से दो दिवसीय भारत यात्रा पर।
- अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस आज, मुख्यमंत्री कूनो नेशनल पार्क में छोड़ेंगे चीते।
- प्रदेश में 97 प्रतिशत गणना पत्रकों को डिजिटाइजेशन कार्य पूरा।
- प्रदेश की पांच शिल्पकलाओं को मिला जीआई टैग।

रूस राष्ट्रपति-भारत यात्रा

रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन दो दिन की भारत यात्रा पर आज नई दिल्ली पहुंचेंगे। वे 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनकी बातचीत होगी। दोनों नेता परस्पर हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार विमर्श करेंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु श्री पुतिन के सम्मान में भोज का आयोजन करेंगी।

राजनाथ- रूसी डीएम

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव आज नई दिल्ली में सैन्य और सैन्य तकनीकी सहयोग पर 22वी भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग की मंत्रिस्तरीय बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेता बैठक के दौरान रक्षा के क्षेत्र में भारत और रूस के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण समीक्षा करेंगे। वे आपसी हित के समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा के दौरान श्री बेलौसोव राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

संचार साथी एप्प

संचार साथी एप की बढती स्वीकार्यता को देखते हुए सरकार ने मोबाइल फोन निर्माता कंपनियों के लिए इस एप को पहले से इन्सटॉल करने को अनिवार्य नहीं बनाने का फैसला लिया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि नागरिक जब चाहे इस एप को हटा सकते हैं और इस एप का उपायोगकर्ताओं की सुरक्षा के अलावा और कोई कार्य नहीं है। संचार मंत्रालय ने एक बयान में बताया है कि अब तक एक करोड चालीस लाख उपयोगकर्ताओं ने इस एप को डाउनलोड किया है और प्रतिदिन धोखाधडी से जुडी दो हजार घटनाएं सामने आ रही हैं। केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह एप सुरक्षित है और इसका उद्देश्य साइबर अपराध से लोगों को बचाना है।

अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस पर आज श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में 3 चीतों, जिनमें मादा चीता 'वीरा' और उसके 10 माह के 2 शावकों को बड़े बाड़े से खुले जंगल में छोड़ेंगे। वे कूनो राष्ट्रीय उद्यान के वर्ष 2026 का कैलेण्डर तथा 'फील्ड मैन्युअल फॉर क्लीनिकल मैनेजमेंट ऑफ फ्री-रेंजिंग चीताज़ इन कूनो नेशनल पार्क' का विमोचन और वहीं पर नव-निर्मित सोवेनियर शॉप का लोकार्पण भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री  नरेन्द्र मोदी की पहल पर 3 वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश को चीता परियोजना की सौगात मिली थी। नामीबिया से 8 चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान लाया गया था। वर्तमान में कूनो पालपुर और गाँधी सागर अभयारण्य में चीतों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है।

एसआईआर

मध्यप्रदेश में 97 प्रतिशत से अधिक गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूरा हो गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य तेज गति से जारी है। अभी तक मध्यप्रदेश में लगभग 5 करोड़ 57 लाख गणना पत्रकों का डिजीटाइजेशन पूरा हो चुका है। जो कुल कार्य का 97 प्रतिशत है। राज्य के अशोक नगर, नीमच, बैतूल, गुना, मंडला, डिंडोरी, शाजापुर, सीहोर, सीधी, उमरिया, बुरहानपुर, मंदसौर, सतना, टीकमगढ़ और आलिराजपुर जिलों में शत्-प्रतिशत डिजीटाइजेशन का काम हो चुका है।

एसआईआर-दमोह

दमोह जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। बीएलओ की टीम शत-प्रतिशत डिजिटलाइजेशन के लिए तेजी से काम कर रही है।

जीआई टैग-प्रदेश

भारत का दिल कहे जाने वाले मध्यप्रदेश की 5 बहुत ही प्राचीन शिल्प कलाओं को जीआई टैग के द्वारा भारत की बौद्धिक संपदा अधिकार में शुमार होने का गौरव प्राप्त हुआ है। मध्यप्रदेश की सम्पदा खजुराहो स्टोन क्रॉफ्ट, छतरपुर फर्नीचर, बैतूल भरेवा मेटल क्रॉफ्ट, ग्वालियर पत्थर शिल्प और ग्वालियर पेपर मैशे क्रॉफ्ट को जी आई टैग मिला है। इस उपलब्धि को जीआई मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रख्यात पद्मश्री डॉ. रजनी कांत ने  अत्यंत गर्व का पल बताया है।

मुस्कान अभियान

मुस्कान विशेष अभियान'' के अंतर्गत माह नवंबर में प्रदेशभर में 1 हजार 903 से अधिक गुमशदा बालिकाओं को खोजकर उनके घर पहुंचाया गया है। महिला सुरक्षा शाखा, पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा चलाए गए इस अभियान के अंतर्गत 01 नवम्बर से 30 नवम्बर तक पूरे प्रदेश में गुमशुदा बालिकाओं की खोज की गई।  यह अभियान गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं समाज में महिलाओं और बालिकाओं के प्रति सम्मानजनक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में एक निर्णायक पहल है।

मौसम

प्रदेश में ठंड लगातार बढ़ रही है और कई शहरों में रात का तापमान 9 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार कल से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार हैं। इंदौर, ग्वालियर, चंबल, उज्जैन और सागर संभाग में ठंड का असर ज्यादा रहेगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- खण्डवा कलेक्टर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत जिले में चायनीज मांझे के खरीद-फरोख्त और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश 1 दिसंबर से 30 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा।
- कटनी में महिलाओं के लिए युवा संगम रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। इस संयुक्त आयोजन में 40 महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए।
- नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आगरमालवा जिले की ग्राम पंचायत हरनावदा में कल बुधवार को हुए जागरूकता कार्यक्रम में कलेक्टर प्रीती यादव ने उपस्थिजनों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।
- भोपाल की बैरागढ़ थाना पुलिस ने एक तस्कर के घर पर छापा मार कार्रवाई कर 70 पेटी देशी शराब जब्त की है। आरोपी लंबे समय से अपने घर से देशी शराब बेच रहा था।
- इंदौर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा ने जिले की राजस्व सीमा में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित व नियम विरूद्ध प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया है।
- श्योपुर में लोक सेवा गांरटी अधिनियम के तहत समय सीमा में विभिन्न सेवाओं को प्रदान नही करने पर 17 पंचायत सचिवों पर 9 हजार 250 रूपये का जुर्माना लगाया है।
- विश्व दिव्यांग दिवस पर मदर टैरेसा आश्रम झाबुआ में विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।
- दक्षिण अफ्रीका ने कल रायपुर में दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में भारत को चार विकेट से हरा दिया। दोनों देशों के बीच तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला अब एक-एक से बराबर हो गई है। तीसरा और अंतिम मैच इस महीने की 6 तारीख को विशाखापत्तनम में खेला जाएगा।

-------